समाचार–प्रकाशनार्थ :–

# कचरा संग्रहण वाहनों ने कचरा संग्रहण हेतु लगाई 210 ट्रीप
## *17 मार्च को 98 टन से अधिक कचरा जुलवानिया पंहूचा*

रतलाम 17 मार्च । निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर–घर से पृथक–पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले–सूखे कचरे व सड़को व नाले–नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन किया जाकर जुलवानिया ट्रेचिंग ग्राउण्ड पर पंहूचाया जा रहा ह जिसके तहत 17 मार्च गुरूवार को 98 टन से अधिक कचरा जुलवानिया ट्रेचिंग ग्राउण्ड पर पंहूचाया गया।

17 मार्च गुरूवार को डम्पर से 23865 किलो, ट्रेक्टर से 16890 किलो, मैजिक सूखा कचरा 35305 किलो, मैजिक गीला कचरा 22700 किलो, सेनेटरी वेस्ट 5 किलो व घरेलू हानिकारक कचरा 2.4 किलो इस तरह कुल 98767.4 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेचिंग ग्राउण्ड पंहूचाया गया।

# 16 दिनों में 4.11 लाख लीटर ट्रीटेड वॉटर का हुआ रियूज
## ट्रीटेड वॉटर का निर्माण कार्यो में उपयोग कर भू–जल स्तर का बचायें
### 15 मार्च को 44 हजार लीटर ट्रीटेड वॉटर का हुआ रियूज

रतलाम 17 मार्च । सीवरेज योजना के करमदी व खेतलपुर एसटीपी प्लांट में सीवरेज वॉटर को ट्रोटेड किया जाकर नगर निगम व निर्माण ठेकेदारो द्वारा उसका रियूज किया जा रहा है जिसके तहत 1 से 16 मार्च तक खेतलपुर एसटीपी 2.67 लाख लीटर व करमदी एसटीपी से 1.44 लाख लीटर ट्रीटेड वाटर का रियूज किया जा चुका है।

# शहर के 2560 श्वानों का बधियाकरण

रतलाम 17 मार्च । शहर में आवारा श्वानों के बधियाकरण हेतु जुलवानिया में निर्मित किये गये बधियाकरण केन्द्र 22 दिसम्बर से प्रारंभ किया गया जिसके तहत नगर के विभिन्न क्षेत्रों से नियमानुसार पकड़ा जाकर बधियाकरण केन्द्र लाया जाकर उनका बधियाकरण किया गया जिसके तहत 17 मार्च तक 2560 श्वानों का सफल बधियाकरण किया जा चुका है।

# नगर निगम के विभिन्न करों से 6.34 लाख राजस्व प्राप्त हुआ

रतलाम 17 मार्च । संपत्तिकर, जलकर, लायसेंस, राजस्व, विकास शाखा, बिल्डिंग परमिशन के तहत नागरिकों द्वारा जमा कराये गये करो के तहत 17 मार्च गुरूवार को कुल राशि रूपये 6,34,571/– का राजस्व प्राप्त हुआ।

नगर निगम के विभिन्न करों के तहत 17 मार्च गुरूवार को संपत्तिकर कार्यालय से 242699, वसूली दल 121629 कुल 364328, जलकर कार्यालय से 167430, दुकान गुमटी किराया कार्यालय 8850 व वसूली दल 49258 कुल 58108 लीजरेंट 25505, स्पॉट फाईन

